यूपीसीएल को सस्ती बिजली देगा एसजेवीएन

चर्चा में क्यों?

8 नवंबर, 2023 को एसजेवीएन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नंदलाल शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) को एसजेवीएन अपने सौर ऊर्जा संयंत्र से 200 मेगावाट बिजली देगा। इसके लिये यूपीसीएल का आशय पत्र प्राप्त हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- नंदलाल शर्मा ने बताया कि यूपीसीएल-एसजेवीएन की 1000 मेगावाट बीकानेर सौर परियोजना से 2.57 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर बिजली खरीदने का इच्छुक है।
- परियोजना से सौर ऊर्जा का आवंटन निकट भविष्य में एसजीईएल और यूपीसीएल के बीच हस्ताक्षरित होने वाले विद्युत खरीद करार के अनुसार होगा।
- विदित हो कि तीन जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीकानेर सौर परियोजना की आधारशिला रखी थी। यह परियोजना जून 2024 तक कमीशन होगी।
- यह सौर परियोजना सीपीएसयू योजना के अंतर्गत राजस्थान में एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजीईएल के माध्यम से विकसित की जा रही है।
- बीकानेर सौर परियोजना से 25 वर्षों में संचयी रूप से लगभग 56,838 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न होने की संभावना है, जबकि कार्बन उत्सर्जन में 27,85,077 टन की कमी आएगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sjvn-will-provide-cheap-electricity-to-upcl